## आदिवासी परंपरा को जीवित रखने का सशक्त माध्यम है सरहुल मिलन समारोह: रघुवर दास





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अल्बर्ट एक्का चौक पर रविवार को सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि आदिवासी परंपरा, उसकी विरासत को सहेजने और उसे जीवित रखने का माध्यम है सरहुल मिलन समारोह। रघुवर दास ने कहा कि आदिवासी संस्कृति को बोध कराने के लिए पाहनों के द्वारा नए वर्ष के उपलक्ष्य में नए फसलों के सेवन के प्रति भी सजग होते हैं, जो हमारे दैनिक जीवन प्रणाली में विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों का स्वागत सरई फुल खोसकर एवं आदिवासी परंपरागत तरीके से मंच उद्घाटन मुख्य पहान जगलाल पहान के द्वारा की गई। सभी अतिथियों को सरना अंग वस्त्र( गमछा )बैच एवं सरहुल मिलन समारोह का प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया गया।

मौके पर राज्यसभा सांसद डा महुआ मांझी, विधायक सीपी सिंह, पावर लिफ्टिंग गोल्ड मेडलिस्ट विनीता कचछप, आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, रांची नगर निगम के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता अंतू तिर्की, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय जयसवाल, कांग्रेस पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, कांग्रेस पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष संजय पांडे, महावीर मंडल के संचालन समिति सदस्य जय सिंह यादव, सर नामर्चना विकास समिति के अध्यक्ष बुधराम उरांव, झारखंड स्टूडेंट यूनियन के ओम वर्मा, हेदलहातू सरना समिति के अध्यक्ष मुकेश मुंडा, ओरमांझी शर्मा समिति के अध्यक्ष अशोक मुंडा, नागरा टोली सरना समिति चंदन पहान, विनय अग्रवाल, व्यवसाय कमल सिंघानिया, समाजसेवी राजू लकड़ा, मौलाना आजाद कॉलोनी के प्रोफेसर इलियास मस्जिद, व्यवसाय सुमित सिंह, निरंजना हेरेंज मुंडा, गीता लकड़ा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सुखदेवनगर गोलीकांड में पांच आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू आनंद नगर में हुई गोलीबारी के मामले में मुख्य आरोपी समेत पांच आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पुलिस की टीम ने रात भर छापेमारी कर पांच युवकों को गिरफ्तार किया। गौरतलब हो कि पार्षद ओमप्रकाश और विक्रम सिंह नाम के एक व्यक्ति के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था। हर दिन दोनों पक्षों के बीच लड़ाई झगड़ा हो रहा था। इस बीच पुलिस ने मध्यस्ता भी करवाई थी। लेकिन शनिवार को मामला इतना बढ़ा कि गोलीबारी की नौबत आ गई। आनंद नगर में रांची नगर निगम के वार्ड पार्षद ओम प्रकाश और विक्रम सिंह उर्फ सोनू नाम के युवक में किसी बात को लेकर सुबह विवाद हुआ था।

## मजदूरी करने वाले युवक ने खुद को लगाया मौत के गले

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के चुटिया थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक पेड़ से लटक कर युवक ने जान दे दी। युवक की पहचान रंजीत चौधरी के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक, यह आत्महत्या का मामला है। चुटिया थाना में पुलिस पदाधिकारी के समक्ष उसके परिजनों ने कहा कि रंजीत मजदूरी करता था और शराब पीता था। शराब पीने के बाद उसने दो तीन बार पूर्व में भी आत्महत्या की कोशिश की थी, लेकिन परिजनों के द्वारा उसे बचा लिया जाता था। परिजनों के बयान पर चुटिया थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है।

**सुबह लोगों ने दी सूचना :** रविवार की सुबह जब कुछ स्थानीय लोग जब मॉर्निंग वॉक कर लौट रहे थे तब उन्होंने चुटिया के इंदिरा नगर के पास युवक की लाश देखी। लाश देखते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को नीचे उतारा और फिर उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मामले में चुटिया थाना प्रभारी ममता कुमारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या की है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही मामला पूरा साफ हो पाएगा। रंजीत शनिवार शाम से ही घर नहीं लौटा था।

### ईस्टर के मौके पर समारोही पवित्र मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन

# यीशु का जी उठना शैतानी शक्तियों और बुराइयों पर विजय का प्रतीक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ईस्टर के मौके पर डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मेरिज कैथेड्रल में रविवार को ईस्टर के मौके पर समारोही पवित्र मिस्सा चढ़ायी गयी। संत मेरिज कैथेड्रल में अलग-अलग समय पर तीन मिस्सा चढ़ायी गयी जिसमें प्रथम मिस्सा के संचालक व उपदेशक फादर जार्ज रहे। दूसरी मिस्सा के मुख्य अनुष्ठक और उपदेशक सहायक बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स रहे। तीसरी मिस्सा के मुख्य अनुष्ठक फादर दीपक रहे उनके साथ सह अनुष्ठाता फादर निखिल मिंज रहे।

ईस्टर के समारोही मिस्सा अनुष्ठान मे सभी अनुष्ठकों ने ईस्टर (पास्का) पर्व को येसु ख्रीस्त के मृतकों में से सचमुच जी उठने अर्थात पुनरुत्थान का पर्व बताया। त्योहार को पुनर्जीवित येसु के साक्षात रुप का त्योहार बताया। फादर निखिल मिंज ने इस मौके पर कहा कि येसु जिसने हम मनुष्यों के लिए अपने आप को शत प्रतिशत समर्पित कर दिया। समस्त मानव जाति के पापों के लिए क्रूस पर



अपनी कुर्बानी दी। यीशु का पुनरुत्थान हम समस्त मानवजाति के लिए मुक्ति का मार्ग होने के सात साथ शैतान, पाप व बुराईयों पर विजय रही।

ईस्टर के मौके पर हम सभी को चाहिए कि जिस तरह यीशु ईश्वर पुत्र होकर अपनी शक्तियों का न तो दुरुपयोग किया और न ही कोई घमंड बल्कि प्रेम, धैर्य व दीनता के साथ दूसरों के बीच प्रेम, दया व करुण बांटते रहें।

क्राइस्ट चर्च मेन रोड में जीईएल चर्च के विश्वासियों ने पुनरुत्थान पर्व की आराधान अलग-अलग समय पर हुई। प्रातः 6:30 बजे की आराधना का संचान रेव्ह एन गुड़िया ने किया जबकि उपदेशाक रेव्ड एजे भेंगरा रहे। साढ़े दस बज की आरादना के संचालक रेव्ह एन गुड़िया ने किया जबकि उपदेशाक रेव्ह एम बिलुंग ने किया।

एनडब्ल्यूजीईएल चर्च के विश्वासियों ने इसी गिरजाघर में पुनरुत्थान पर्व की पहली आाराधना सुबह 5:00 बजे रेव्ह सलमोन एक्का के संचालन में की। जिसमें उपदेशक आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो रहे। इसमें उनका सहयोग किया रेव्ह यीशु नाजरी मिंज ने दूसरी आराधना का संचालन प्रचारक प्रेम तिर्की ने किया जबकि उपदेशक रेव्ह सलमोन एक्का रहे।

संत पॉल कैथेड्रल में प्रातः 6:00 बजे पवित्र प्रभुभोज आराधना हुई। जिसके मुख्य अनुष्ठक व उपदेशाक बिशप बीबी बास्के रहे।

## सीएनआइ तथा लुथेरन विश्वासियों ने मनाया प्रभु के पुनरुत्थान का पर्व



**रांची।** चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई) के मसीहियों ने कांटाटोली चौक के समीप स्थित सीएनआई कब्रिस्तान में तथा जीईएल एवं एनडब्ल्यूजीईएल के विश्वासियों ने सिरोम टोली चौक स्थित अपने कब्रिस्तान में परलोग सिधार चुके पूर्वजों व परिजनों के कब्रों पर कैंडल जलाकर, फूल चढ़ाकर और अगरबत्ती जलाकर प्रार्थना कर यीशु के पुनरुत्थान का पर्व धूमधाम से मनाया। कब्रिस्तान में इस तरह पुनरुत्थान का पर्व मनाने के पीछे मसीही विश्वासियों का उद्देशय यह है ख्रीस्त के विश्वास की दृढ़ता में जीने वाले उनके परिजन भी प्रभु यीशु की तरह जी उठें है। क्योंकि प्रभु वचन कहता है जो मुझ पर विश्वास करेगा उसका नाश नहीं होगा और उसे अनन्त जीवन प्राप्त होगा।

कब्रिस्तान में मनाये जा रहे यीशु के पुनरुत्थान पर्व को लेकर दोनों कब्रिस्तान में आज अहले सुबह से ही महिला, पुरुष, युवक-युवतियां, बच्चे-बच्चियां तथा बुजुर्ग माता-पिताओं की भारी भीढ़ अपने अपने परिजनों के कब्रों पर फूल चढ़ाकर व कैंडल जलाकर प्रेयर करते नजर आए।

## प्रभु यीशु का सचमुच जी उठना ही पास्का की सच्ची खुशी आनंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** प्रभु यीशु समस्त मानवजाति के साथ इतना प्रेम किया कि उसने मानवजाति के पापों को अपने उपर लिया। उन्होंने क्रूस पर लहू बहाकर समस्त मानव जाति को उनके पापों से मुक्ति दिलायी। उन्होंने क्रूस पर प्राणों की आहूति देकर संसार को पाप से बचाया। मृतकों में से यीशु का जी उठना ही पास्का की सच्ची खुशी आनंद है।

### यीशु का मृतकों में जी उठना ही ईस्टर या पास्का : रेव्ह विकास कुजूर



राजधानी रांची के चर्च रोड बहुबाजार चौक में स्थित चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई) विश्वासियों के उपासलनालय संत पॉल्स कैथेड्रल के पुरोहित रेव्ह विकास कुजूर ने ईस्टर के मौके पर कहा कि मसीही विश्वासियों के लिए पास्का या ईस्टर का यह त्योहार वास्तव में यीशु मसीह का मृतकों में से पुनर्जीवित होने की घटना है।

### पाप व मृत्यु से मुक्ति व विजय का पर्व है ईस्टर : आर्चबिशप राजीव



एनडब्ल्यूजीईएल चर्च के आर्चबिशप राजीव सतीश टोप्पो ने कहा कि पास्का या ईस्टर का यह त्योहार वास्तव में पाप, बुराई व मृत्यु के भय से मुक्ति व उन पर विजय का पर्व है। प्रभु यीशु का मृतकों में से जी उठना समस्त ख्रीस्तीय अनुयायियों के लिए दु:ख और निराशा के बीच नयी आशा, चेतना और आनंद प्रदान करता है।

### येसु दुनिया के लिए ज्योति बने : फादर हिलारियुस बारला



संत फ्रांसिस चर्च हरमू के पल्ली पुरोहित फादर हिलारियुस बारला टीओआर ने पास्का संदेश में कहा कि मृतकों में से प्रभु येसु का पुनर्जीवित होना पाप, बुराई व मृत्यु पर विजय का प्रतीक है। प्रभु येसु के पुनर्जीवित होने के रहस्य पर जो विश्वास करता है वह कभी नाश नहीं होगा और उसे अनंत जीवन की प्राप्ति होगी।



PRNO 294600 ( IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## आज का राशिफल 10-04-2023

**मेष** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होगा और धनप्राप्ति के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ? से चिंता भी रहेगी। परिवार में खुसी का माहौल बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी शिकायतें हो सकती हैं, इसलिए डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

**वृषभ** : आज का दिन सामान्य रहेगा। अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह बखूबी कर सकेंगे। सिर दर्द की समस्या परेशान कर सकती है। बिना कारण ही मन बैचेन रहेगा, जिससे किसी काम में मन नहीं लगेगा। शांति के लिए योग और ध्यान करने की कोशिश करें। नए कार्यो की शुरूआत करने से बचें।

**मिथुन** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। आकस्मिक धनलाभ के योग भी बन रहे हैं, लेकिन अनावश्यक और व्यर्थ खर्चे भी अधिक रहेंगे, जिससे परिवार में कलह हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। किसी खास दोस्त की तबीयत अचानक से खराब होने से मन उदास रहेगा।

**कर्क राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ के प्रबल योग हैं। सामाजिक कार्यो में सुयश मिलेगा और समाज में प्रतिष्ठा व प्रभाव की बढ़ोतरी होगी। कार्यस्थल पर कोई नई योजना शुरू कर सकते हैं, जिसकी सभी चर्चा करेंगे। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें और खान-पान पर ध्यान दें।

**सिंह** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धन प्राप्ति के योग बनेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से चिंतित रहेंगे। नौकरी में तरक्की मिल सकती है। कार्यभार की अधिकता रहेगी। मित्रों-सहयोगियों का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ समय का अच्छा इस्तेमाल होगा।

**कन्या** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा रहेगा। पारिवारिक सुख और धन में बढ़ोतरी होगी। समाज के कार्यो में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में प्रमोशन के योग बन सकते हैं। किसी पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**तुला** : आज का दिन शुभ रहेगा। परिवार में सुख और धन की वृद्धि होगी। नौकरी में प्रमोशन का योग बन सकता है। खान का ध्यान रखेंगे, तो सेहत अच्छी रहेगी। शरीर में ज्यादा ऊर्जा रहने के कारण आप अपने सभी रुके हुए कार्यो को पूरा कर पाएंगे। जीवन को लेकर कोई कठोर फैसला कर सकते हैं। वाणी पर संयम बरतना जरूरी है।

**वृश्चिक** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में लाभ प्राप्ति के योग हैं। आर्थिक निवेश फायदेमंद होगा। धन संबंधित कार्य पूरे होंगे। मानसिक शांति की तलाश में अध्यात्म से जुडने.का मौका मिलेगा। सेहत में सुधार आने की संभावना है। किसी लंबी बीमारी से निजात मिलता दिखाई दे रहा है।

**धनु** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धनप्राप्ति के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्चो की भी अधिकता रहेगी। खराब सेहत की वजह से आप अपने जरूरी कामों को नहीं कर पाएंगे। इसलिए अपने शरीर को आराम दें, जिससे आप तरोताजा महसूस कर पाएं। जीवनशैली और रहन-सहन में बदलने लाने की कोशिश करेंगे।

**मकर** : आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ का योग बन रहा है। कारोबार में नई योजनाओं की शुरूआत हो सकती है। अच्छी दिनचर्या की वजह से अपने स्वास्थ्य में सुधार आएगा, लेकिन बाहर का खाना खाने से आपको बचना होगा। अपने काम करने के तरीके में बदलाव लाएं, वरना नुकसान हो सकता है।

**कुम्भ** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में लाभ होगा। समाज में यश, मान और सम्मान में बढ़ोतरी होगी। सरकारी कार्यो में सफलता मिलेगी, लेकिन लोगों का व्यवहार आपके लिए निराशाजनक रहेगा।

**मीन** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। आपकी सूझबूझ से कारोबार में अच्छा लाभ मिलेगा। परिजनों और मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। योजना अनुसार कार्य करने से सफलता मिलेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# झारखंड बेहद आकर्षक है, प्राकृतिक वादियां, संस्कृति और लोग मन को बहुत लुभाते हैं : पाखी हेगड़े

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हिंदी, तमिल, मराठी, भोजपुरी सिनेमा जगत की मशहूर अभिनेत्री पाखी हेगड़े एक इवेंट्स में बतौर गेस्ट के रूप शामिल होने रांची पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड रांची के लोग और यहां का खुशनुमा माहौल दिल के बहुत करीब कर देनी वाली है। झारखंड हर मामले में बेहद रोचक और आकर्षक राज्य है, यहां की प्राकृतिक वादियां, संस्कृति और भोले-भाले लोग मन को बहुत लुभाते हैं। मैं चाहती हूं आने वाले दिनों में यहां की स्थानीय भाषा खोरठा, नागपुरी में भी एक मूवी और गाना बनायें, क्योंकि मैं अभी तक हिंदी, तमिल, तेलगु, मराठी, भोजपुरी, बांग्ला भाषा में काम कर चुकी हूं और मैं हमेशा क्षेत्र और भाषा की दायरा बढ़ाती रहती हूं।

महिला सशक्तिकरण अवार्ड से नवाजी गयीं पाखी हेगड़े ने कहा कि महिलाएं पावरफुल होती ही हैं। अगर गृहणी महिलाएं भी महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में खुद पब्लिकली इम्प्रुव करती हैं, तो बहुत ही गौरव महसूस होता है। महिलाएं टैलेंट के बल पर कुछ कर दिखाती हैं और फैमली को भी चलाती हैं, तो वो मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

उन्होंने यह भी कहा कि जब लड़कियां पढ़ती हैं, उस टाइम सेल्फ डिफेंस की टॉपिक चुननी चाहिए। लड़कियों को मार्शल आर्ट सीखना चाहिए, जिससे वे शक्तिशाली न भी हों, तो अभ्यास से हासिल टेक्निक से मजबूत लोंगों से फाइट कर सकें।



भोजपुरी फिल्म की बहुत आलोचनाएं होती हैं, इस पर पाखी हेगड़े कहती है कि फिल्में बहुत ही जद्दोजहद के बाद बनती है। ऐसे में भोजपुरी फिल्में टेक्निकली उतने लेवल पर नहीं पहुंच पायी हैं। कहीं न कहीं कुछ तो कमियां रह रही हैं, इसमें फिल्म इंडस्ट्री के लोगों की एकजुटता और नियंत्रण की जरूरत है।

आगे पाखी हेगड़े ने झारखंड रांची की तारीफ करते हुए कहती हैं- मैंने कई भाषाओं में काम किया है। मैं झारखंड के रीजनल लैंग्वेज नागपुरी, खोरठा में भी काम करूं, यहां के गानें करूं, एक्टिंग फील्ड में पूरे महासागर में जंप करूं, मैं एक्सप्लोर करूं, यह चाहती हूं।

हाल ही की घटना अभिनेत्री आकांक्षा दूबे की मौत के मामले में उन्होंने कहा कि लड़कियों को खुद की सुरक्षा के बारे में जरूर सोचना चाहिए। हर एक को ये जरूर सोचना चाहिए कि आपके माता-पिता ने पाल-पोष कर बड़ा किया है। दुनिया में कांपिटिशन और रिलेशनशिप से बड़े अपने माता-पिता हैं। डिप्रेशन आने पर किसी से बात करनी चाहिए, समस्याएं शेयर करनी चाहिए, ताकि कोई आपको गाइड कर सके।

अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने अपने फैंस से अनुरोध किया है कि मैं झारखंड की राजधानी रांची में रेडियो ऑरेंज 106.4 के लिए आयी हूं। बहुत जल्द ही मुझे आरजे के रूप देखेंगे। मैं बहुत एक्ससाइटेड हूं, आप सब जरूर सुनियेगा।

# लालपुर-कोकर रोड के किनारे नॉनवेज बेचने वालों पर कल से होगी कार्रवाई

## वेंडर मार्केट में दुकान शिफ्ट करने का आज है अंतिम दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** लालपुर कोकर मार्ग पर डिस्टलरी वेंडर मार्केट में दुकानों का आवंटन किया जा चुका है। 74 दुकानदारों को मार्केट में जगह उपलब्ध कराई गई है। 10 अप्रैल को नॉनवेज बेचने वाले दुकानदारों को शिफ्ट करने की आखिरी तारीख है। इसके बाद रोड किनारे दुकान लगाने वालों पर नगर निगम कार्रवाई करेगा। वहीं उनसे एक्ट के तहत फाइन भी वसूला जाएगा। इसके अलावा, सामान भी जब्त किया जाएगा।

इंफोर्समेंट टीम ने कहा कि पुल के पास लगने वाले जाम से आम लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम की ओर से निर्देश दिया गया है। उसका पालन सभी को करना होगा।

बताते चलें कि लालपुर कोकर मार्ग पर मटन, चिकन और मछली विक्रेताओं को दुकानें आवंटित की गई है। दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया गया है। इसे लेकर कई दुकानदारों ने गुरुवार को दुकान नहीं लगाया था।

मामले को लेकर नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि आवंटित दुकान 10 अप्रैल तक नहीं लगाई गई तो 11 अप्रैल से मार्केट के बाहर फुटपाथ पर दुकान नहीं लगाने दिया जाएगा। दुकानदारों का कहना था कुछ लोगों को दुकान नहीं मिली है। जिससे वह फुटपाथ पर दुकान लगाकर नॉनवेज की बिक्री करते हैं। उन्होंने भी मार्केट में दुकान की मांग की।

## मस्जिद-ए-जाफरिया में हजरत अली का तीन दिवसीय मातम आज से

**रांची।** पैगम्बर मोहम्मद(स.) के दामाद हजरत अली इब्ने अबी तालिब की शहादत की याद में 10-12 अप्रैल को रात 8 बजे मजलिस जिक्र शहादत हजरत अली का आयोजन किया गया है। इस मजलिस को संबोधित अलहाज मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, इमाम जुमा रांची करेंगे और मौला कायनात के जीवन पर प्रकाश डालेंगे। मजलिस की शुरुआत मौलाना सैयद बाकर रजा दानिश द्वारा पवित्र कुरान के पाठ से होगा। सोज खवानी सैयद अता इमाम रिजवी करेंगे। विभिन्न शोरा (कवि) उद्बोधन प्रस्तुत करेंगे। 12 अप्रैल को मजलिस के बाद मौला अली का ताबूत निकाला जायेगा। अंजुमन जाफरिया रांची नौहा ख्वानी करेगी। कार्यक्रम का आयोजन दिवंगत अलहाज सैयद अजहर हुसैन की ओर से किया जायेगा। मुस्लिम समुदाय से बिना किसी भेदभाव के शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

## खबर एक नजर में

### नीरजा सहाय की बागडोर बिलकुल दक्ष हाथों में : निदेशक



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में रविवार को डीएवी पीएस(1) के डायरेक्टर जेपी शूर विद्यालय के 20वें स्थापना दिवस पर पहुंचे तथा विद्यालय की प्रगति की समीक्षा की। महात्मा आनंद स्वामी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए अपने विद्यालय के साथ का अनुभव साझा किए तथा अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जब -जब विद्यालय का भ्रमण किया है तो इसे उतरोत्तर वृद्धि ही करते पाया है। रांची प्रक्षेत्र के विभिन्न डी ए वी के प्राचार्यों समेत एआरओ अरुण कुमार ने भी विद्यालय के उज्वल भविष्य की कामना की तथा उसके चहुंमुखी विकास में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्राचार्य किरण यादव की कर्मठता की तारीफ करते हुए श्री शूर ने संतोष व्यक्त किया कि नीरजा सहाय की बागडोर बिलकुल दक्ष हाथों में है।

### आर्य समाज मंदिर का वार्षिक चुनाव संपन्न



**रांची।** रविवार को श्रद्धानन्द पथ स्थित आर्य समाज मंदिर का वार्षिक चुनाव आम सहमति से संपन्न हो गया। चुनाव को झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान प्रेम प्रकाश आर्य, आर्य ज्ञान प्रचार समिति के निदेशक एलआर सैनी, सुशीला गुप्ता, एसएल गुप्ता , वरुण बिहारी चुनाव पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में नियुक्त थे। इसके तहत आर्य समाज मन्दिर का प्रधान- राजेंद्र कुमार आर्य,उप प्रधान- पुष्कर रंजन अग्रवाल, मंत्री- अजय आर्य, उप मंत्री- प्रेम प्रकाश आर्य, कोषाध्यक्ष- संजय पोद्दार, पुस्तकालय अध्यक्ष- नरेंद्र सिंह, अधिष्ठाता आर्य वीर दल- स्वयं ओझा चुने गये। अजय आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मधु मंजूषा में दो सौ श्रद्धालुओं ने की सामूहिक साधना



**रांची।** रातू रोड के पिस्का मोड़ स्थित मधु मंजूषा में रविवार को मासिक सत्संग संपन हुआ। इसमें रांची शहर के अलावा आस-पास के लगभग दो सौ श्रद्धालु शामिल हुये। इसमें भजन कीर्तन, सामूहिक साधना, गुरुपूजा और स्वाध्याय के बाद बारिस्ट आचार्य संपूर्णानंद अवधूत ने परम पुरुष तुम्हारे साथ है, विषय पर प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि पूज्य गुरुदेव श्री श्री आनंद मूर्ति जी ने कहा है कि मनुष्य कही भी और अकेले नहीं हैं। सभी जीव ईश्वर द्वारा प्रतिपालित है। इसलिए हर स्थिति में परमपुरुष मनुष्य के साथ हैं। मनुष्य को आध्यात्मिक उन्नति के लिए साधना करनी है। सत्संग में आचार्य अम्लेशानंद, आचार्य ज्ञान अंजनानंद आदि उपस्थित थे।

### मजदूर दिवस को होगी संगोष्ठी : रजत दा



**रांची।** बिहार क्लब में झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट की आवश्यक बैठक सम्पन्न हो गयी। इसकी अध्यक्षता करते हुए रजत दा ने कहा कि मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में रांची में फेक न्यूज पर रोकथाम व पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर संगोष्ठी होगी। इस संगोष्ठी में प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के दो सदस्य प्रज्ञानंद चौधरी और प्रसन्न मोहंती शामिल होंगे। बैठक में झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने कहा कि पत्रकारों की एकता के बल पर ही उनको अधिकार प्राप्त हो सकता है। इसके बाद वरिष्ठ पत्रकार शफीक अंसारी के पुत्र परवेज अख्तर और लोहरदगा के कयूम अंसारी की पत्नी की असामायिक निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

### झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन राज्य कमिटी की बैठक




रांची। ऐक्टू से सम्बद्ध झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन राज्य कमेटी की बैठक रविवार को महेंद्र सिंह भवन में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को एक मिनट की मौन श्रृद्धांजलि से हुई। बैठक में निर्माण मजदूरों की अखिल भारतीय सम्मेलन और श्रम कानूनों में संशोधन के बाद मजदूर वर्ग पर लेबर कोड के प्रभाव पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में ऐक्टू के प्रदेश महासचिव शुभेंदु सेन ने कहा कि श्रम कानूनों में संशोधन मालिकों के पक्ष मे की गई है। लेबर कोड लागू होने से मजदूरों के हालात और बदतर होंगे। उन्होंने कहा कि व्यापक मजदूरों को संगठित कर निमार्ण मजदूरों के हक आधिकार के लिए लडाई तेज करनी होगी।

## यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी का 15 व 16 को पोइला बोइशाख मिलन मेला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के सभागार में रविवार को एक बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया इस साल नववर्ष यानी पोइला बोइशाख (पहला वैशाख यानि वैशाख माह का पहला दिन ) मिलन मेला के रूप में मनाया जायेगा। इसके साथ ही प्रेस वार्ता का आयोजन कर यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के सचिव सेतांक सेन ने बताया कि 15 एवं 16 अप्रैल 2023 को आयोजित मेले में तरह-तरह के स्टॉल लगेंगे। साथ ही, संध्या के समय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा।

उन्होंने बताया कि मेले के दौरान कुछ प्रतियोगिताएं ही रखी गयी हैं। रवींद्र संगीत प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता और काव्य पाठ की प्रतियोगिता। 15 मार्च को कई नृत्य ग्रुप कोरियोग्राफर के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ में प्रस्तुत होगी संगीत। 16 मार्च को ऑर्केस्ट्रा का आयोजन नये गायक गायिकाओं के साथ होगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा। 15 अप्रैल को अपराह्न 4:00 बजे विधिवत रूप से मेला के उद्घाटन होगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग आकर कार्यक्रम को सफल बनायें। मौके पर डॉ पंपा सेन विश्वास समेत कई लोग उपस्थित थे।

### संध्या में होगा रंगारंग कार्यक्रम, प्रतियोगिता का भी आयोजन

## श्री कृष्ण प्रणामी भंडारा में 900 लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**रांची।** श्यामा स्वरूपा बाईजू राज के 380वें प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को पुंदाग स्थित संस्था का निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में 81वां अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्य शिव भगवान अग्रवाल की धर्मपत्नी उर्मिला देवी की स्मृति में उनके परिवार के सौजन्य से इस भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था के शिव भगवान एव अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की देखरेख में संस्था के सदस्य ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार एवं विष्णु सोनी के द्वारा इस भंडारे में श्रद्धालुओं, स्थानीय राहगीरों तथा जरूरतमंदों समेत कुल 900 लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर लजीज व्यंजन का आस्वादन किया। संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मौके पर उपस्थित लोगो में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजू अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ,ओम प्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, चंद्रदीप साहु, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या चंदा देवी अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल व अन्य शामिल थे।

## मूलवासी सदान मोर्चा के अध्यक्ष से मिला अतिथि शिक्षक का प्रतिनिधिमंडल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड अतिथि शिक्षक का प्रतिनिधि मंडल रविवार को डोरंडा महाविद्यालय एवं अन्य कॉलेजों के विभिन्न समस्याओं को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। साथ ही, राजेंद्र प्रसाद को जानकारी दी कि डोरंडा महाविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों का मानदेय का भुगतान विगत सात माह से नहीं किया गया है।

यह जानने के बाद श्री प्रसाद ने रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू से टेलीफोन पर वार्ता की और डीएसडब्ल्यू से शिक्षकों का भुगतान अविलंब कराने का आग्रह किया। इस पर डॉ सुदेश साहू ने आश्वासन दिया कि यथाशीघ्र नियमानुकूल निर्णय कार्यरत अतिथि शिक्षकों के हित में लिया जायेगा। संघ के महासचिव प्रो अंकित कुमार शर्मा ने कहा कि डोरंडा कॉलेज के अतिथि शिक्षकों का मानदेय भुगतान नहीं करने से महाविद्यालय के सभी कार्यरत शिक्षक में रोष व्याप्त है। मुलाकात करने वालों डॉ शाहिन नाज, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ राजमणि पांडे, डॉ हिरणमाज भुनिया, फ्लावर सिमडेगा कॉलेज, बीएस कॉलेज लोहरदगा, लोहरदगा कॉलेज, मांडर कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज, बुंडू कॉलेज आदि के अतिथि शिक्षक आरजू आरा, डॉ निशा कुमारी, सीमा मिंज, अभिलाषा कुल्लू, पाटला कुमारी, डॉ नाजिश हसन, डॉ जिज्ञासु ओझा, निहाल टोप्पो, आशीष उरांव, अभिलाषा कुल्लू सहित अन्य कॉलेज के सैकड़ों अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

# बेजुबान जानवरों का सहारा बनीं रांची की प्रिंयका चंद्रा

## पेश की पशु प्रेम की अनोखी मिसाल, कई वर्षों से अपनी सैलेरी से जानवरों का करवा रहीं इलाज

**समीर**





**रांची।** प्यार-गुस्सा, दुख-तकलीफ जैसे इमोशन सिर्फ इंसानों में नहीं बल्कि जानवरों में भी होते हैं। हमारे आसपास कई बेजुबान जानवर बीमारी और कई तकलीफों से होकर गुजरते हैं, लेकिन हम समझ नहीं पाते हैं लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो उनके दुख दर्द को समझते हैं और फिर उन्हें परेशानी से निकालने का काम करते हैं। उन्हीं में से एक हैं रांची की प्रियंका चंद्रा।

प्रियंका राजधानी में पशु प्रेम की अनोखी मिसाल पेश कर रही है। अगर वह सड़क पर किसी बीमार पशु को देखती हैं, तो फौरन उसका ट्रीटमेंट करने लगती हैं। उन्हें प्यासा देखती है तो उन्हें पानी पिलाने की कोशिश करती है। प्रियंका पिछले कई साल से अपनी पॉकेट मनी और सैलेरी से जानवरों का इलाज करवा रही हैं।

प्रियंका ने खबर मन्त्र की बातचीत में बताया कि उन्होंने जब एक कुत्ता पालना शुरू किया, तब उन्होंने अपने डॉगी की बीमारी और तकलीफ को देखा और उन्हें समझ में आया कि सड़कों पर बीमार और घायल जानवरों को भी तकलीफ होती होगी। जिनके लिए कुछ सेवा की जा सकती है और फिर तब से उन्होंने सड़कों पर बीमार जानवरों को ट्रीटमेंट देना शुरू कर दिया।

**कई बार लोगों से हो जाता है झगड़ा :** प्रियंका बताती हैं कि कई बार लोगों से उन्हें झगड़ा भी करना पड़ जाता है। क्योंकि लोग जानवरों को मारते हैं, जो सही नहीं है। प्रियंका का कहना है कि इंसान को ऊपर वाले ने खास तरीके से बनाया है ताकि वह अपने लिए और दूसरों के लिए कुछ कर सके लेकिन वह जानवरों को मारता और पीटता है और घर से बाहर निकाल देता है। उनका कहना है कि हम इन जानवरों के लिए काम तो करते हैं लेकिन कई बार जानवरों को ट्रीटमेंट के साथ-साथ उनका ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है, इसलिए उनको अपने पास रखना जरूरी है लेकिन उनके पास शेल्टर की कमी के होने के चलते उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पशु प्रेम की मिसाल बनी प्रियंका चंद्रा कई सालों से अपने अभिभावकों से मिल रही पॉकेट मनी को बेजुबान जानवरों के इलाज में लगाती आ रही हैं। वह समाज को इंसान और जानवर के रिश्ते को समझाने की कोशिश करती है। वर्तमान में प्रियंका स्टार हेल्थ इंश्यूरेंस में सहायक मैनेजर के रूप में पदस्थापित है।

### माता-पिता से मिली प्रेरणा

वह बताती हैं कि उन्होंने घर में चार डॉग, दो खरगोश और एक तोता को पाला है। उन्होंने बताया कि जहां कहीं भी उन्हें जानकारी मिलती है कि कोई पशु बीमार है, तो वह पशु प्रेमियों की टोली के साथ वहां पहुंच जाती हैं और जरूरत के हिसाब से उसे ट्रीटमेंट दिया जाता है। उन्होंने बताया कि उनके साथ कुछ पशु चिकित्सक भी जुड़े हैं जो उनकी मदद करते हैं। उसे इस काम की प्रेरणा पिता विद्यानंद प्रसाद व माता ममता देवी से मिली है।

# मेगा हेल्थ कैंप में 425 लोगों का मुफ्त इलाज, नि:शुल्क दवाएं भी दी गयीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के तहत झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल के नेतृत्व में रविवार को गुरु कृपा पब्लिक स्कूल, जतरा मैदान, रांची में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया। शिविर में प्लास्टिक सर्जरी विशेषज्ञ, हड्डी विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, नेत्र विशेषज्ञ, दंत विशेषज्ञ, मधुमेह व मानसिक विशेषज्ञ, बीपी और शुगर के विशेषज्ञ, निसंतानता तथा जनरल फिजीशियन के साथ अन्य चिकित्सकों द्वारा 425 मरीजों का हेल्थ चेकअप कर निःशुल्क दवाएं दी गयीं।

इस अवसर पर झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि आयोजित निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप से शहर के काफी लोग लाभान्वित हुए, ये हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है। हमलोगों के सहयोग से कई लोगों के चेहरे में खुशहाली आयी है। प्रोफेशनल्स कांग्रेस राजधानी वासियों की बेहतर स्वास्थ्य के लिए कतिबद्ध है और जरूरत के अनुसार रांची के विभिन्न वार्डों में निशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित कर रही है।

प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह ने कहा कि देश और समाज का विकास तभी हो पाएगा जब लोग मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। प्रोफेशनल्स कांग्रेस स्वस्थ रांची-समृद्ध रांची के प्रति प्रयत्नशील है और राजधानी वासियों को लगातार इस क्षेत्र में जागरूक कर रही हैं। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सूयस सिन्हा ने कहा नस से संबंधित बीमारी के करीब 50 मरीज आए कई मरीजों को नशा से संबंधित प्रॉब्लम थी सभी को दवा उपलब्ध करायी गयी और 15 दिन के बाद उन्हें बुलाया गया। डॉक्टरों की टीम में प्लास्टिक सर्जन डॉ अनंत सिन्हा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुबोध, दंत चिकित्सक एवं सर्जन डॉ अशीष भगत, डायबिटोलॉजिस्ट एवं जनरल फिजिशियन डॉ रतनेश आदि शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## झारखंड सरकार घोषणाओं की सरकार: देवेंद्र प्रकाश

**ठाकुरगांव।** राज्य सरकार केवल घोषणाओं की सरकार है। हेमंत सरकार झारखंड वासियों के साथ सिर्फ छलावा कर रही। उक्त बातें भाजपा के वरीय नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने रविवार को क्षेत्र के मारवा गांव में कही। वे ग्रामीणों से आगामी 11 अप्रैल को भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम की सफलता को लेकर जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केवल तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। साथ ही उन्होंने करकट्टा, मालश्रृंग, उरुगुट्ठ, पतरातू, बंसरी, कोनकी, हेसलपिरी आदि गांवों में भी जनसंपर्क चलाया। मौके पर अमृत महतोएजनार्दन साहुए उदय कुमार, रामप्रवेश साहु, परिबा साहु, बालगोविंद मुंडा मौजूद थे।

## चहारदीवारी में लगे गेट की चोरी

**बुढ़मू।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के मरवा गांव में बने मकान और चहारदिवारी में लगे गेट को अज्ञात चोरों ने शनिवार रात में चोरी कर लिया। इस संबंध में मकान की देखरेख करने वाले उरूगुटू निवासी मैनूल अंसारी में पिठोरिया थाना में आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन के अनुसार मरवा मौजा में 14 एकड़ जमीन में मकान और चहारदिवारी का निर्माण किया गया है जिसकी देखरेख मैनूल अंसारी करते है। रविवार को सुबह में मैनूल अंसारी जब वहां गये तो देखा कि गेट को चोर कटर से काटकर ले गये है।

## बंद पड़े क्रशर के पट्टे को काट कर ले गई सिकिदिरी पुलिस

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी पुलिस ने खानापूर्ति के नाम पर शनिवार को एक साल से बंद पड़े क्रशर में लगे पट्टे को काटकर थाना ले गई। सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि के नेतृत्व में शनिवार को एक साल से ब्रजकिशोर प्रसाद और गोविंदा कुमार के एक साल से बंद पड़े क्रशर में लगे पट्टे को काट कर जब्त कर लिया। जबकि कुलदीप कुमार के क्रशर में लगे वाहन को जब्त कर लिया और चालक बिरसा कारमाली और क्रशर संचालक बबलू बड़ाईक के मुंशी को पकड़ कर थाना लेते गई। बाद में देर रात को सभी को छोड़ दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि से पूछने पर उन्होने बताया की इस प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## ओरमांझी से दो छात्रा गायब, चिंता बढ़ी

ओरमांझी। थाना क्षेत्र से दो छात्राएं गायब हो गई है। जिससे स्वजनों में अपने बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। रामलखन सिंह यादव कॉलेज की छात्रा अनामिका कुमारी रूक्का निवासी सोनालाल करमाली की बेटी है। छात्रा की चाचा की मौत हो गई है, और पांच मई से चाचा की तीनकर्म था। उसी दिन छात्रा ने घर में खेत की ओर जाने की बात बोलकर निकाली और फिर वापस नही लौटी। स्वजनों ने काफी तलासा की, नही मिलने पर छात्रा की मां ननकी देवी द्वारा रविवार को ओरमांझी थाना में मामला दर्ज किया गया। दुसरा मामला थाना क्षेत्र की हरचंडा की है। बेड़ो की आसरो स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा अपने मामा के घर हरचंडा आई थी। यहां से अचानक गायक हो गई है। सूचना मिलने पहुचे पिता द्वारा ओरमांझी थाना में गुमसूदगी का मामला दर्ज कराया गया है। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा दोनो छात्राओं की तलास की जा रही है।

## सताकी गांव में आजसू महिला कमेटी का गठन

**राहे।** आजसू पार्टी राहे प्रखंड महिला कमेटी के अध्यक्ष मीरा महतो, सचिव, अनिता देवी, कोषाध्यक्ष, नीता देवी, संगठन सचिव जयंती देवी के निगरानी में राहे प्रखंड के सताकी ओर भेलवाटिकर गाँव में ग्राम महिला कमेटी ओर पंचायत प्रभारी का गठन किया गया। सताकी महिला ग्राम कमेटी में अध्यक्ष किरण देवी, सचिव मीरा देवी, उपाध्यक्ष अनिता देवी को बनाया गया। ग्राम प्रभारी में सरिता देवी का चयन किया गया। वही ग्राम भेलवाटिकर में अध्यक्ष संजू देवी को बनाया गया है।

# हुंडरू फॉल में डूब रहे पटना के दो छात्रों की बचायी जान

## पर्यटनकर्मियों ने दिखाई जांबाजी, एक महीने में दूसरी बार बचाई जान

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी।** हुंडरु फॉल घूमने पहुंचे श्री पटना बिहार के दो छात्र को डूबने से पर्यटनकर्मियों ने बचा लिया। दोना छात्र आदित्य कुमार;18 बर्षद्ध पिता सतीश कुमार एवं सानू कुमार ;19 वर्षद्ध पिता पारस कुमार सदिसोपुर बिहटा पटना स्थित श्री कोचिंग सेंटर के छात्र है। घटना रविवार के दिन 3 बजे की है। आदित्य कुमार 10 वीं एवं सानू कुमार 12 वीं का छात्र है। घटना रविवार के दिन के तीन बजे की है। कोचिंग सेंटर के संचालक नीरज कुमार एक बस ;श्रभ्12म् .2121द्ध से 38 विधार्थी एवं 5 शिक्षकों के साथ हुण्डरु फॉल घूमने पहुंचे थे। शिक्षक एवं छात्र छात्राओं को पर्यटनकर्मियों ने टिकट काउंटर पर ही डेंजर जोन में नही उतरने की सख्त हिदायत दी थी। वावजूद इसके आदित्य कुमार और सानू कुमार डेंजर जोन; भण्डार दहद्ध के समीप चले गए । इस दौरान पत्थर से फिसल कर दोनों पानी में गिर गए। आदित्य कुमार एवं सानू कुमार को डुबता देखकर बाकी छात्रों ने मदद के लिए जोर.जोर से चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर झरना के समीप तैनात पर्यटनकर्मी रंजन कुमार बेदियाए महेश्वर बेदिया बुधराम बेदियाए फोटोग्राफर सोनू कुमार बेदियाए दुकानदार जितू बेदियाए बुधूवा भोगता ने जान की परवाह किए बगैर पानी में कूद पड़े । काफी मशक्कत के बाद दोनों को सकुशल पानी से बाहर निकाला गया। इस दौरान आदित्य कुमार बेहोश हो गया था। पर्यटक मित्रों ने सीपीआर तकनीकी ;कृत्रिम सांस देने की विधिद्ध दिया। करीब एक घंटे के तक सीपीआर देने के बाद उसकी सांस चलने लगी। दोनों को बेहतर ईलाज के लिए बस से ईलाज के लिए रांची भेज दिया गया। ज्ञात हो कि पिछले बारह मार्च को इन्ही जाबांज पर्यटक मित्रों ने हजारीबाग मटवारी के शर्मा परिवार के सात लोगों को डूबने से बचाया था।

### पर्यटनकर्मियों को नहीं मिलता है कोई प्रोत्साहन

दर्जनों लोगों की जान बचाने वाले इन पर्यटनकर्मियों को विभाग की ओर से कोई रिवार्ड या प्रोत्साहन नहीं दिया जाता है। पिछ्ले बार हजारीबाग के सात पर्यटकों की जान बचाने के क्रम में ये जांबाज पर्यटनकर्मी खुद घायल हो गए थे। इन्हे ईलाज के लिए झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के सदस्यों ने आपसी चंदा करके इनका ईलाज कराया था। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद ने बताया की पर्यटकों को अगाह करने के वावजुद पर्यटक नहीं सुनते है। जिससे डूबने की घटना में वृद्धि हो रही है।

# लोकतंत्र का गला घोंट रहे मोदी और शाह: अजय नाथ

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह अभियान में एकजुट दिखे कार्यकर्ता

### आरपार की लड़ाई का लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संविधान से छेड़छाड़ एवं जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के तत्वाधान में जय भारत सत्याग्रह अभियान चलाया गया। पार्टी के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया। उन्होंने अडानी को लेकर श्री मोदी की जमकर खिंचाई की। श्री शाहदेव ने भाजपा और प्रधानमंत्री के खिलाफ लोगों से लोकतंत्र को अक्षुण रखने में कांग्रेस का साथ देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्त्ता एकजुट दिखे। उन्होंने केंद्र के विरुद्ध आरपार की लड़ाई का संकल्प लिया।

### इन्होंने भी रखी बातें

पार्टी नेत्री अकलिमा खातून, कुसुम देवी, मेरी भगत, लक्ष्मी नारायण भगत, हाजी मंसूर अंसारी, सुखदेव उरांव, सोमा उरांव, लाल रमेशनाथ शाहदेव, जसीम अंसारी, सहावीर लोहरा, सुशांत उरांव, प्रभात तिर्की, मास्टर सईद अहमद व अभिराज आदि ने भी अपनी बातें रखी। संचालन अतुल राज ने किया। जबकिए धन्यवाद ज्ञापन कुशल उरांव ने दिया।

# सरवल गांव में गैरमजरूआ भूमि बेचने के विरोध में ग्रामीण गोलबंद, सरना झंडा गाड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** रविवार को थानाक्षेत्र के हहाप पंचायत के सरवल गांव में साढे नौ एकड गैरमजरुआ जमीन की खरीद बिक्री करने के विरोध में ग्रामीण गोलबंद हो गए। मौजा के पांच टोला के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूस इसके विरोध में सरवल चैक से उक्त भूमि तक पैदल रैली निकाली एवं सरना झंडा लगाया ग्रामीणों का कहना है कि मौजा के खाता संख्या 115,8,59,100 और 17 की जमीन जो रैयती है। उसके कागजाम दिखा कर भूमाफिया फजीर्वाडा कर रहे है,जिसमें पुलिस पदाधिकारी भी शामिल है,ग्रामीणों का कहना था कि एक महिला पुलिस द्वारा उन्हे भूमाफिया को जमीन देने अन्यथा अंजाम भूगतने की धमकी दी जा रही है,लोगों ने इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारियों से करने की बात कही,ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जान दे देंगे परंतु किसी भी हालत में एक इंच जमीन कब्जा नहीं करने देंगें।

# नामकुम: गांजा की तस्करी में भाई-बहन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** रांची पुलिस ने भाई बहन को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार भाई बहन के पास से पुलिस ने ढाई किलो गांजा भी बरामद किया है। गिरफ्तारी नामकुम थाना क्षेत्र से की गई है।

### थैले में हरी सब्जियों के बीच छुपा कर रखा गया था गांजा

रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल नशे के तस्करों के खिलाफ बेहद सख्त रवैया अख्तियार कर चुके हैं। सूचना मिली थी कि रांची के बुंडू इलाके से गांजा की खेप रांची लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर नामकुम थाना क्षेत्र में पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जाने लगा। इस दौरान कई संदिग्ध वाहनों को चेक किया गया लेकिन उसमें गांजा नहीं मिला। पुलिस को लगा कि तस्करों को भनक लग गई है और वे फरार होने में कामयाब हो गए हैं, लेकिन इसी बीच लाल रंग की स्कूटी पर एक युवक और युवती आते दिखाई दिए। शक के आधार पर पुलिस की टीम ने स्कूटी सवारों को रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखते ही वे स्कूटी को वापस घुमाकर भागने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया। स्कूटी को चेक करने पर एक थैले में हरी सब्जियों के बीच में ढाई किलो गांजा छिपाकर रखा गया था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार युवक उज्ज्वल खलखो और युवती सुजाता रिश्ते में सगे भाई बहन हैं।

### आरोपियों ने बोला पहली बार की तस्करी

पुलिस की पूछताछ में दोनों भाई बहन ने गांजा जिन लोगों से लिया था उनके संबंध में भी जानकारी दी है। जिसके बाद पुलिस की टीम दूसरे तस्करों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी कर रही है। दोनों ने पुलिस को यह भी बताया है कि पैसे की लालच में दोनों ने यह काम किया।

# धार्मिक स्थल से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं: सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** शुक्रवार की देर रात उनिडीह स्थित प्रसिद्ध शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ पर स्थित मंदिर में चोरी एवं तोड़फोड़ से लोगों में आक्रोश है। रविवार को ट्रस्ट के सदस्यों ने सामाजिक संगठन के लोगों के साथ बैठक की। घटना की जानकारी लेने सांसद संजय सेठ, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन भी पहाड़ पहुंचे एवं घटना की निंदा की। सांसद ने कहा हमेशा सनातन धर्म को ही क्यूं निशाना बनाया जाता है। धार्मिक स्थल से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तोड़फोड़ गलत भावना से योजना के तहत किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी तक विरोध जरुरी है। उन्होंने शिवलोक धाम में प्रशासन द्वारा टीओपी बनाकर सुरक्षा मुहैया कराने के लिए वरीय अधिकारियों से बात करने की बात कही। श्री पाहन ने कहा कि सामाजिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है. उन्होंने जनमानस के साथ विरोध करने की बात कही। मौके पर अध्यक्ष दयानंद राय, सचिव अशोक राय, कोषाध्यक्ष रुद्रेश्वर राय, समीर राय,मनोज राय, सुनील साव, भीम राय, उमेश बड़ाइक, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, रिंकू राय, कैलाश महतो, मधु राय, दिनेश सिंह, गोवर्धन राय, संजय राय, सूरत राय, मोहन शर्मा, रामाशंकर सिंह, रवि सिंह, शंकर सिंह मौजूद थे।

### 11 अप्रैल को आक्रोश मार्च का निर्णय

घटना के विरोध में 10 अप्रैल को वरीय अधिकारियों को आवेदन देने, 11 अप्रैल की शाम सिदरौल जोड़ा मंदिर से सदाबहार चौक तक आक्रोश मार्च सह मशाल जुलूस निकालने एवं 12 अप्रैल को नामकुम बंद का आह्वान किया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानंद राय ने सभी धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों को मशाल जुलूस एवं बंदी में समर्थन देने की अपील की है। साथ ही सभी संचालकों को धर्म की रक्षा एवं घटना के विरोध में स्वतः अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का निवेदन किया है। सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, राजाउलातू के ग्राम प्रधान संदीप सुंडिल, टाटीसिलवे ग्राम प्रधान अनिल पाहन ने भी अपने विचार रखे।

# मांडर: बाइक की डिक्की तोड़ लाखों के अभूषण की चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुई चोर की फोटो

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** रांची- मेदनीनगर मुख्यपथ पर स्थित मांडर थाना के निकट ज्योती मेडिको से दवा खरीद रहे ज्वेलरी व्यवसायी की बाइक की डिक्की तोड़ कर लाखों रुपए के जेवेलरी को लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। घटना शिवार शाम 6.30 बजे की है। बताया जाता है कि चान्हो थाना क्षेत्र के चोरेया निवासी वासुदेव सोनी अपने पुत्र के साथ मांडर सप्ताहिक बाजार से। दुकान उठाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच दवा दुकान के सामने अपनी बाइक रोकी और अपने बेटे से कहा कि तुम बाइक में ही बैठो मैं दवा लेकर आता हूं। इसी बीच दवा के विषय में कुछ बोलने के लिए वासुदेव का बेटा बाइक से उतर कर जैसे ही दवा दुकान के काउंटर के पास पहुंचाए पीछे से घात लगाए उचक्कों ने डिक्की तोड़ी और जेवर से भरा थैला लेकर अपाची बाइक में सवार होकर वहां से रफूचक्कर हो गए। बासुदेव के अनुसार उनके झोले में लगभग तीन किलो चांदी और बीस ग्राम सोना सहित कुछ अन्य सामान भी थे। वासुदेव द्वारा घटना की जानकारी थाने को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक नजर में

### अनगड़ा: राजडेरा गांव में शिव मंडा पूजा



**अनगड़ा।** प्रखंड के राजडेरा गांव में शनिवार को रात्री शिव मंडा पूजा का आयोजन संपन्न हुआ। इस मौके पर शिव भक्तों ने लगातार एक सप्ताह तक शिव की कठिन तप और उपासना के लिए उपवास किए भोक्ता और शोक्ताईन ने दहकते हुए अंगारो पर चल कर शिव जी के समक्ष अपनी कठिन परीक्षा भी दिए। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार ने शिव मंडा पूजा के मौके पर आयोजित पारम्परिक छऊ नृत्य कार्यक्रम का पूजा अर्चना कर एवं फीता काट कर शुभारंभ किया। मौके पर समाजसेवी एवं अजसू पार्टी के पारस नाथ उरांव कामेस्वर महतो शंकर बैठा मोहन महतो लालचंद बेदिया आयोजन समिति के बिस्वनाथ मिश्रा मनेश जी सोनू महतोए दीपक महतो प्रताप सिंह बालेश सिंह सुनील सिंह रंजीत सिंह मुनेस्वर सिंह पुजारी राजेन्द्र गोस्वामी आदि मौजूद थे ।

### नामकुम: चर्च गई महिला के घर का ताला तोड़ कर नगद सहित गहने की चोरी

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के करकटटा गांव की रहनेवाली विक्टोरिया लकडा ने नामकुम थाने में आवेदन देकर अपने घर से अज्ञात चोरो द्वारा ताला तोडकर एक लाख पंद्रह हजार रूप्ये चोरी कर लेने का आरोप लगाया है। विक्टारेरिया ने बताया किवह रविवार रात लगभग दस बजे अपने घर में ताला लगाकर चर्च गयी थी। देर रात लगभग ढाई बजे ज बवह चर्च से वापस लौटी तो देखा कि दरवाजे पर लगा ताला टुटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो घर में रखी अलमारी को तोडकर चोरो द्वारा अलमारी में रखे महिला समूह के एक लाख दस हजार रूप्ये और घर के सात हजार रूप्ये गायब थे,दुसरी अलमारी को टुटा देख जग विक्टोरिया ने उसकी जांच की तो पाया कि उसमें रखे सोने की चेन,कान काटाप्स और पायल भी चोरो ने चुरा लिए है। पुलिस छानबीन शुरू कर दी है।

### जरूरतमंदों के बीच खाद्यान्न किट का वितरण



**इटकी।** इटकी सेवा निकेतन ट्रस्ट एंड हॉस्पिटल की ओर से रमजान माह के मौके पर रविवार को जरूरतमंदों के बीच खाद्यान्न किट का वितरण आरक्षी उपाधीक्षक मनीष चंद्र लाल ने किया। मौके पर उपाधीक्षक लाल ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। ऐसे कार्य से ईश्वर प्रसन्न होते हैं। हर व्यक्ति को सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की हर संभव मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम में ट्रस्ट के निदेशक मकसूद अंसारी, नगड़ी के थाना प्रभारी ओम प्रकाश टोप्पोए सलीम अंसारीए इश्तेयाक, इबरार, आकिब, महमूद, चरकू, गोयंदा व किशुन गोप सहित अन्य शामिल थे।

### ओरमांझी: घर का ताला तोड़ जेवरात सहित तीन लाख रुपये नगद की चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के हतवाल निवासी रेलवे कर्मी धनीलाल महतो के मकान को चोरो ने निशाना बनाया। मकान के चार दरवाजे का ताला तोड़ अंदर घुसे चोरों ने अलमिरा का लाक व बक्से का ताला तोड़ जेवारात सहित तीन लाख रूपए चुरा कर फरार हो गए। वहीं चोरी के दो आरोपितों को ग्रामीणों ने रात में ही धर दबोचा, और कमेटी हॉल में बंद कर दिया। सूचना मिलने के बाद पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस ने कमेटी हॉल का ताला तोड़ दोनो को थाने ले गई। शनिवार रात में गांव में मंडा पूजा था। घर के सभी लोग मंडा पूजा देखने चले गए और घर खाली था। जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने घटना को अंजाम दिया। रात एक बजे के करीब रेलवे कर्मी के भतिजा के दोस्त जब माबाईल चार्जर लेने पहुंचा। मकान के ताले टुटे देख उसे शक हुआ। उसने इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही मंडा देख रहे कई ग्रामीण पहुंचे, और चोर का तलास करने लगे।

# छात्राओं ने पांव पखार कर किया सम्मान, भावुक हुए सेवाकर्मी




खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी में रविवार को विद्या भारती द्वारा संकुल स्तरीय एक कार्यशाला में सेवक सेविका व वाहन चालकों का सम्मानित किया गया। वहीं सरस्वती षिषु विद्या मंदिर ओरमांझी की छात्राओं ने सभी के पांव पखारे और वस्त्र से पांव साफ किया। विद्या भारती से मिले सम्मान व छात्राओं की सेवा से अभिभुत कई सेवा कर्मियों के आंखें स्नेह से भावुक हो गए। कार्यक्रम में उपस्थित संकुल मोरबादी, कुदलूम, ओरमांझी, चुटिया व बिनगांव के लगभग 50 सेवक, सेविका व वाहन चालकों को मुख्य अतिथि विभाग प्रमुख फनींद्रनाथ झा सहित अन्य अतिथियों द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। फनिंद्रनाथ झा ने कहा समाज में कई ऐसे लोग हैं, जो किसी के आगे हांथ फैलाने से बेहतर अपने बच्चों के परवरिष व भविष्य के लिए सेवा कार्य करना पसंद करते हैं। ऐसे लोगों को अपने कार्यो को लेकर समाज में गर्व करने की जरूरत है।

# राष्ट्रीय राजनीति की धुरी है पासी समाज

## सम्मेलन में मंत्री ने कहा पासियों का विकास प्राथमिकता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** राज्य के संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि देश का पासी समाज राष्ट्रीय राजनीति की धुरी है। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने पासियों के विकास को प्राथमिकता देने और सत्ता में उनकी भागीदारी पर जोर दिया। श्री आलम अखिल भारतीय पासी समाज झारखंड इकाई की ओर से अल्कापुरी स्थित गारमेंट्स ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित चौथे सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अध्यक्षता आरपी चौधरी ने कीए जबकि संचालन संजय शास्त्री व शंकर चौधरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अरविंद कुमार ने दिया। सम्मेलन में झारखंड समेत उड़ीसाए दिल्लीए पश्चिम बंगालए बिहार व उत्तर प्रदेश के सौकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। इसमें महिलाएं भी थी। समाज में उत्कृष्ट सेवा के लिये कई सम्मानित किये गये। गीत-संगीत का भी दौर चला।

### इन्होंने भी रखी बातें

नंदकुमार चौधरी, बिरेंद्र कुमार, विजय चौधरी, बजरंगी चौधरी, दिलीप महथा, निशांत चौधरी, पडकन चौधरी, रामबालक चौधरी, मेवालाल चौधरी, मन्नू चौधरी, राकेश चौधरी, भगवान चौधरी, सुरेश चौधरी, राजेश चौधरी, मदन चौधरी, रामप्रवेश चौधरी, सतीश कुमार, कृष्ण चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सुरेश राम, दिनेश चौधरी व जागो चौधरी ने भी अपनी बातें रखी। सामाजिक एकता, बालिका शिक्षा को बढ़ावा तथा 1857 के गदर में 36 अंग्रेजों को मौत के घाट उतारने वाली वीरांगना उदा देवी पासी की रांची में आदमकद प्रतिमा लगाये जाने की जोरदार वकालत की गयी।

# दहकते अंगारों पर नंगे पांव चले शिवभक्त

## ओरमांझी में दिखी भक्ति की शक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के निलमंजरी बुटन महादेव एवं महावीर मंदिर हतवाल में आयोजित शिव भक्ति की मंडा पूजा में आस्था की शक्ति दिखा। शनिवार को आयोतिज मंडा पूजा व छउ नृत्य देखने काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। ढोल-ढांक बाजे के साथ देवताओं को जगाकर गांव के 121 युवाओं ने पूजा का संकल्प लिया था। होड़ने सेवा से पूर्व सभी भोगताओं ने लोटन सेवा करते हुए मंदिर के चारों ओर परिक्रमा किए। गांव की एतिहासिक मंडा पूजा की जानकारी देते हुए गांव के प्रबृद्धजन सह आरटीसी कॉलेज के निदेषक डा0 पारसनाथ महतो ने बताया कि भोगता प्रवेष करने वाले सभी भक्त जनेव धारण करने व मंडा पूजा से पूर्व (पाटलियान) माता पार्वती पहले दिन मैके जाती है उसके दूसरे दिन बाजे-गाजे के साथ लाया जाता है। मंडा पूजा की रात में सभी षिव भक्त नगें पांव (आस्था के कदम) दहकते अंगारे में चले। जिसमें शामिल कई बच्चे भी शामिल थें। वहीं कई भक्त अपने छोटे बच्चों को गोद में लेकर अंगारे में चले। रात्रि में आयोजित छउ नृत्य में चापवार व चिकू पतरातु के कलाकारों ने आकर्षक नृत्य का प्रदर्शन किए। मंडा पूजा में गणेश मुंडा, नरेश पाहन, नरेंद्र पाहन, कैलाश पाहन, महेश्वर महतो, सोहराई महतो, बालकिशुन महतो, लक्ष्मण महतो, कारीनाथ करमाली व गोल्डन करमाली के साथ भागकाईन व काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थें।



दहकते अंगारों पर चलते शिव भक्त।

